दिनांक : 26.08.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने दुग्ध उत्पादकों को बोनस देने की घोषणा की।
- रिजर्व बैंक द्वारा ऋण प्रकिया को सरल बनाने के लिए अगले साल पूरे देश में यूनीफाइड लेंडिंग इंटरफेस शुरू किया जाएगा
- जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, शोभा यात्राओं के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं के आयोजन
- प्रदेश में व्यापक बारिश के चलते इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, बाणसागर बांधों के गेट खोले गए

..........................................................

मुख्यमंत्री लोकार्पण

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि चंदेरी को पर्यटन का तीर्थ क्षेत्र बनाया जाएगा वहीं चंदेरी स्थित शिशुपाल मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। अशोकनगर जिले के चंदेरी में आज भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में आए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की समस्त दुग्ध उत्पादकों को बोनस दिया जाएगा। वहीं सरकार 10 गोवंश पलकों को अनुदान देगी।

उन्होंने अशोकनगर जिले की तहसील नई सराय में सर्वे कराकर महाविद्यालय खोले जाने, तहसील ईसागढ़ में उत्कृष्ट कॉलेज में कृषि महाविद्यालय खोले जाने तथा बहादुरपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की घोषणा भी की। उन्होंने हैंडलूम पार्क में लूम पर बुनाई भी की। इस मौके पर बुनकरों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा की चंदेरी साड़ियों को हर जिले में प्रोत्साहन देने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रोड शो में हिस्सा लिया और लक्ष्मण मंदिर में दर्शन एवं पूजन किया।

..........................................................

ठाकरे जन्म–जयंती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनसंघ के संस्थापक सदस्य और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी को समर्पित स्मृति स्थल का निर्माण धार में किया जाएगा। साथ ही उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं और विचारों को समाज के सम्मुख लाने के लिए भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में गैलरी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म–जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यह बात कही। डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित किया। उनके निर्लिप्तता से प्रजातंत्र की स्थापना और सुशासन के लिए किए गए कार्य प्रदेश ही नहीं, देश की धरोहर हैं।

..........................................................

आरबीआई गवर्नर

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जी.ई.एम, यू.पी.आई और यू.एल.आई की नई तिकडी भारत के डिजिटल भुगतान में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस–यूएलआई प्लेटफॉर्म भारत में ऋण प्रक्रिया को सरल बनाएगा। यूएलआई को पिछले वर्ष प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू किया गया था। इसे जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा। श्री दास बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने के हिस्से के रूप में बेंगलुरु में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान की मौजूदा व्यवस्था से धन का त्वरित और सुरक्षित हस्तांतरण

होता है। श्री दास ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई द्वारा शुरू किए गए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई से मौद्रिक लेनदेन सुगम हो गया है।

.........................................................

जन्माष्टमी

देशभर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश के उज्जैन और ओंकारेश्वर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व को धूम–धाम से मनाने की तैयारियां की गई हैं। संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री कृष्ण पर केन्द्रित नृत्य नाटिका और भजन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सतना में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। खंडवा में स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुरैना जिले में दाऊजी मंदिर मुरैना गांव, श्रीनाथ जी मंदिर किशनपुर, श्री बिहारी जी मंदिर सर्राफा बाजार मुरैना, गिर्राज जी मंदिर महादेव नाका पर जन्माष्टमी की धूम है। सीहोर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा में पिछड़ा वर्ग मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर शामिल हुईं। धार जिले में मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है मटकी फोड़ के आयोजन भी हो रहे हैं। शहडोल जिले में 20 से अधिक स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी स्कूलों में भक्तिमय, ज्ञानवर्धक और मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिंडोरी में श्रीराधाकृष्ण मंदिर, बिट्ठल मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। विशाल वाहन रैली भी निकाली गई। आगरमालवा में भगवान श्रीकृष्ण की विषाल पालकी यात्रा निकाली गई। रतलाम में कई स्थानों पर दही हांडी के आयोजन भी हुए मांगल्य मंदिर में पहली बार 300 फीट लंबे झूले में भगवान श्रीकृष्ण को झुलाया गया। नीमच, रायसेन, खरगोन और शिवपुरी के साथ प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी जन्माष्टमी भक्तिभाव के साथ मनाई जा रही है।

.........................................................

बारिश/मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। बारिश की वजह से कई नदी–नाले उफान पर हैं। कई बांधों के गेट खोले गए हैं। शिवपुरी जिले में बीते 2 दिन से लगातार बारिश का क्रम जारी है। इसी बीच सिंध नदी में पानी बढ़ने के बाद कल मणिखेड़ा डैम के चार गेट खोले गए हैं। पिछले 2 साल के बाद इस बार गेट खोल खोले गए हैं। खंडवा में ऊपरी क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते इंदिरा सागर बांध के आठ गेट खोले गए हैं। फिलहाल इंदिरा सागर बांध का जलस्तर 261 दशमलव 40 मीटर पहुंच गया है। इसके साथ ही ओंकारेश्वर बांध के सात गेट खोले गए हैं। शहडोल जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदीकृनाले उफान पर हैं। सोन नदी पर बने बहुउद्देश्यीय बाणसागर बांध लबालब भर चुका है। दोपहर 12 बजे बांध के दो गेट खोल दिए गए हैं। बांध का जलस्तर 341 दशमलव दो मीटर पहुंच गया था। जबकि बांध की जल भराव क्षमता 341 दशमलव 64 मीटर है। गेट खोलने से पहले नदी किनारे बसे गांवों में मुनादी कराई गई है। इसकी सूचना सोन नदी के किनारे बसे जिलों को भी दी गई है।

.........................................................

नेत्रदान पखवाड़ा

एम्स भोपाल में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक "राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसका मकसद नेत्रदान के महत्त्व के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को मृत्यु के बाद अपनी आँखें दान करने को प्रेरित करना है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक, डॉक्टर अजय सिंह ने कहा, "नेत्रदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल न केवल विश्व–स्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि जनता को नेत्रदान के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने के लिए भी समर्पित हैं।

.........................................................

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शहडोल जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभियान 10 सितम्बर तक चलेगा।
- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन–मन) के तहत प्रदेश के कटनी जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के छह गांवों को आदर्श ग्राम की तरह विकसित किया जाएगा।
- खंडवा में वाल्मीकि समाज द्वारा गोगा नवमी पर्व के दिन अलग–अलग आकर्षक धार्मिक स्वरूप में निर्मित झांकी के रूप में छड़ियों की शोभायात्रा धार्मिक उत्साह के साथ निकाली जाएगी।